Kohinoor

सहज

हिंदी व्याकरण

तथा रचना

डॉ॰ कुमुद शर्मा
एम॰ ए॰ (हिंदी, संस्कृत)
बी॰ एड॰, पीएच॰ डी॰

KOHINOOR PUBLICATIONS
A Progressive Schools Publication
www.kohinoorpublications.com

1

सहज

हिंदी व्याकरण

तथा रचना

भाग - 1

ISBN: 978-81-89661-42-7

First Published 2011

Revised 2014, 2017, 2025

© All Rights Reserved with Publisher

Copyright of illustrations, arrangements of style and reproduction reserved with the publisher.

No part of this publication may be reproduced or recorded by any means without the prior written permission of the publisher. This prohibition extends (with certain very limited exceptions) to photocopying and similar process and written permission to make a copy or copies must therefore be obtained from the publisher in advance. It is advisable to consult the publisher if there is any doubt regarding the legality of any proposed copying.

Typesetting by AR Graphics Studio

Published by Kohinoor Publications
11099, Doriwalan, East Park Road, Karol Bagh,
New Delhi - 110005
Ph.: 011 23536333, 011 40044322
E-mail: me@kohinoorpublications.com
Website: www.kohinoorpublications.com

Printed at Taj Press, NOIDA (U.P.)

प्राक्कथन

बच्चा सर्वप्रथम अपने परिवार से ही भाषा सीखता है। विद्यालय में वह भाषा का उचित प्रयोग करना सीखता है। इस कार्य में व्याकरण उसकी मदद करता है क्योंकि व्याकरण भाषा के सही रूप का ज्ञान कराता है।

परिवार में रहकर जब बच्चा भाषा का प्रयोग सीखता है, तो उसे वह सीखना बोझिल नहीं लगता क्योंकि इसे वह व्यवहार में ही सीख लेता है। इसे सीखने के लिए उसे कोई विशेष प्रयास नहीं करना पड़ता। इसी आधार पर **सहज हिंदी व्याकरण तथा रचना** शृंखला में बच्चों के स्तर को ध्यान में रखते हुए **खेल-खेल में व्याकरण** का ज्ञान कराने का अनूठा प्रयास किया गया है। इस शृंखला की मुख्य विशेषताएँ हैं–

- सरल तथा सरस भाषा
- रोचक गतिविधियाँ तथा आकर्षक चित्र
- सरल तथा परिचित उदाहरणों द्वारा विषय का ज्ञान
- सैद्धांतिक पक्ष को ध्यान में रखते हुए व्यावहारिक पक्ष को महत्त्व
- अंत में सीखे हुए ज्ञान को परखने के लिए सरल तथा रुचिकर अभ्यास-प्रश्नपत्र

सहज हिंदी व्याकरण तथा रचना का मुख्य उद्देश्य यही है कि बच्चे भाषा को रोचक अनुभवों से जोड़कर सहज रूप में सीख लें।

नई शिक्षा नीति, 2020 तथा राष्ट्रीय पाठ्यचर्या 2023 और राज्य-बोर्डों के सिलेबस पर आधारित यह पुस्तक आपके सम्मुख प्रस्तुत है। हमें विश्वास है कि यह पुस्तक छात्रों के लिए रुचिकर एवं उपयोगी सिद्ध होगी। सुविज्ञ जनों के सुझावों का हमेशा स्वागत है।

लेखिका

डॉ॰ कुमुद शर्मा

कहाँ-क्या


1.	भाषा क्या है?	5
2.	वर्ण	12
3.	मात्राएँ	20
4.	बिंदु (ं), चंद्रबिंदु (ँ)	30
5.	शब्द और वाक्य	33
6.	किसका क्या नाम	40
7.	लड़का-लड़की	46
8.	एक-अनेक	50
9.	कैसा-कितना	55
10.	काम करना	60
11.	एक जैसे अर्थ वाले शब्द	65
12.	उलटे अर्थ वाले शब्द	69
13.	वाक्य बनाएँ	73
14.	चित्र-वर्णन	75
15.	शब्द लड़ी	77
16.	आओ खेलें खेल	79
पशु-पक्षी जगत (जानकारी हेतु)		80
आदर्श प्रश्न-पत्र-1 (पाठ 1 से 8 तक)		81
आदर्श प्रश्न-पत्र-2 (पाठ 9 से 16 तक)		83



1 भाषा क्या है ?

आओ पाठ को जानें







इन चित्रों में–

- आयुष कुछ पूछ रहा है।
- माँ उसे कुछ बता रही है।
- चीना कुछ सोच रही है।
- वह इशारे से बता रही है।
- पापा उसकी बात समझ रहे हैं।

शिक्षण संकेत बच्चों को चित्र में आए वाक्यों को पढ़वाकर भाषा के कौशलों की जानकारी दें। उन्हें भाषा का सहज बोध कराते हुए आगे बढ़ें।

बात करते हुए कुछ पूछना, बताना, सोचना, संकेत करना, समझना सब **भाषा** है।

भाषा के रूप

भाषा के दो रूप हैं– मौखिक तथा लिखित।




बोलना

○ तनु ने कुछ कहा।

सुनना

○ मोना ने सुना और फिर कुछ कहा।

यह भाषा का **मौखिक रूप** है।




- अध्यापक श्यामपट पर लिख रहे हैं।
- बच्चे पढ़कर समझ रहे हैं।

यह भाषा का **लिखित रूप** है।

इस प्रकार भाषा के चार कौशल हैं–

बोलना	सुनना	लिखना	पढ़ना



भाषा से हम अपनी बात दूसरों तक पहुँचाते हैं।

विश्व में अनेक भाषाएँ बोली जाती हैं। हमारे देश में प्रमुख रूप से हिंदी भाषा बोली व समझी जाती है।

आओ दोहराएँ

भाषा के कौशल	बोलना, सुनना, पढ़ना, लिखना
भाषा के रूप	मौखिक, लिखित
हमारी भाषा	हिंदी

अभ्यास


मौखिक

[वाचन व चिंतन कौशल]

1. भाषा के रूप कौन-से हैं?
2. भाषा के कितने कौशल हैं?

लिखित

1. चित्र में क्या-क्या काम हो रहे हैं? [चित्र पठन, लेखन अभिव्यक्ति]



2. सही (✓) या गलत (✗) का निशान लगाइए–

[सही शब्द चयन की दक्षता]

(i) जब हम बोलते हैं, तो दूसरे– ◯ पढ़ते हैं ◯ सुनते हैं

(ii) भाषा के रूप हैं– ◯ तीन ◯ दो

(iii) हमारी भाषा है– ◯ हिंदी ◯ अंग्रेज़ी


(iv) भाषा का कौशल नहीं है– ◯ पढ़ना ◯ खेलना

(v) भाषा में हम क्या करते हैं– ◯ बोलना ◯ खेलना

कलाकारी

[रचनात्मक कार्यकलाप]

मनुष्य जैसे भाषा का प्रयोग करते हैं, उसी प्रकार पशु-पक्षी बोली का प्रयोग करते हैं; जैसे– कोयल–कुहू-कुहू, तोता–टें-टें आदि। निम्न चित्रों में रंग भरें तथा उनकी बोली का चित्र से मिलान करें–





टर्र–टर्र


कुकड़ू–कूँ

काँव–काँव

हिनहिनाना







चर्चा करें

[वाचन कौशल]

अपने दो–तीन मित्रों से उनके घर में बोली जाने वाली भाषा पर चर्चा करें।

आओ अच्छी बात सीखें

उचित भाषा का प्रयोग करके हम सबके प्रिय बन सकते हैं।

2 वर्ण

आओ पाठ को जानें




शिक्षण संकेत

- बच्चों को वर्ण की सही आवाज़ बोलना सिखाएँ।
- बच्चों को समझाएँ कि नाम की शुरू की आवाज़ (ध्वनि) ही उस वर्ण की आवाज़ है।

बोलते हुए हमारे मुख से कुछ ध्वनियाँ निकलती हैं। इन ध्वनियों को और छोटे-छोटे टुकड़ों में नहीं बाँटा जा सकता। ये ध्वनियाँ ही वर्ण हैं।

वर्ण भाषा की सबसे छोटी इकाई है।



वर्ण दो प्रकार के होते हैं–

- स्वर
- व्यंजन

स्वर

अ	आ	इ	ई	उ	ऊ
ऋ	ए	ऐ	ओ	औ	

हिंदी में स्वर हैं–ग्यारह (11)

व्यंजन

क	ख	ग	घ	ङ
च	छ	ज	झ	ञ
ट	ठ	ड	ढ	ण
त	थ	द	ध	न
प	फ	ब	भ	म
य	र	ल	व	
श	ष	स	ह	

हिंदी में व्यंजन हैं–तैंतीस (33)

विशेष जानकारी

अं अः

ये वर्ण न **स्वर** हैं न **व्यंजन**। इन्हें **अयोगवाह** कहते हैं।

क्ष त्र ज्ञ श्र


ये वर्ण दो व्यंजनों के मिलने से बनते हैं। इन्हें **संयुक्त व्यंजन** कहते हैं।

ड़ ढ़

ये **अतिरिक्त व्यंजन** हैं। इनका प्रयोग शब्द के मध्य या अंत में ही किया जा सकता है।

वर्णों के व्यवस्थित समूह को **वर्णमाला** कहते हैं।

बोली





मुरगा बोला कुकड़ूँ-कूँ
सुबह हो गई उठ जा तू।
गाय खड़ी रँभाती है
बछड़े को बुलाती है।
चिड़िया बोली चीं-चीं-चीं
गर्मी में आती है लीची।
मोर ने पीहू-पीहू की आवाज़ लगाई
सुनने को सब दौड़े भाई।
बिल्ली बोली म्याऊँ-म्याऊँ
दूध मलाई जमकर खाऊँ।








शिक्षण संकेत बच्चों को बोलियों की पहचान कराएँ। उन्हें कुछ अन्य जीव-जंतुओं की बोलियाँ बताने के लिए कहें।

मनुष्य अपने भावों व विचारों का आदान-प्रदान करने के लिए भाषा का प्रयोग करता है। इसी कार्य के लिए जीव-जंतु बोली का प्रयोग करते हैं। सभी जीव-जंतुओं की अपनी-अपनी बोलियाँ होती हैं।

- कुत्ता भौंकता है।
- तोता टें-टें करता है।
- शेर दहाड़ता है।
- बकरी में-में करती है।
- घोड़ा हिनहिनाता है।
- मेंढक टर्राता है।
- कोयल कूकती है।
- कौआ काँव-काँव करता है।

ये क्या करते हैं?



.....



.....



.....



.....

प्रकृति के कुछ निर्जीव तत्वों की अपनी विशिष्ट आवाज़ें (ध्वनियाँ) होती हैं-

- बिजली चमकती हैं → चम-चम-चम
- बूँदें गिरती हैं → छम-छम-छम
- बादल गरजते हैं → .....
- हवा चलती है → .....

(स्वयं करें)

ध्यान दें

- स्वरों का स्वतंत्र रूप में प्रयोग किया जाता है।
- व्यंजनों का प्रयोग स्वरों की सहायता से किया जाता है।

आओ दोहराएँ

- हमारे मुख से निकली ध्वनियाँ वर्ण कहलाती हैं।
- वर्ण भाषा की सबसे छोटी इकाई है।
- वर्ण दो प्रकार के हैं– स्वर तथा व्यंजन।
- जीव-जंतुओं की आवाज़ें बोली कहलाती हैं।

अभ्यास

मौखिक


[वाचन व चिंतन कौशल]

1. वर्णों के क्रमिक समूह को क्या कहते हैं?
2. वर्ण के कौन-से दो रूप हैं?
3. 'ऋ' स्वर है या व्यंजन?

लिखित


1. चित्र के नाम की शुरू की आवाज़ (ध्वनि) पतंगों में से ढूँढ़कर लिखिए–

[चित्र पठन तथा अक्षर ज्ञान]





.....डली



.....न



.....षि



.....ग




.....रत




.....नार

2. स्वरों की माला में कितने मोती हैं? गिनकर लिखिए– [गिनती ज्ञान]



3. चित्र को उसके नाम की पहली ध्वनि से मिलाइए–[सही मिलान की दक्षता]



4. व्यंजनों की टॉफियाँ गिनकर बताइए– [अंक ज्ञान, अनुभवात्मक कौशल]

क ख ग घ ङ च छ ज


झ ञ ट ठ ड ढ ण

त थ द ध न प

फ ब भ म य

र ल व श

ष स ह




कलाकारी

स्वर वाले चित्रों में हरा रंग तथा व्यंजन वाले चित्रों में गुलाबी रंग भरो। चित्र का नाम भी पूरा करो।



.....म



.....लू




.....मली



.....तरी



.....ख



.....मा .....र

चर्चा करें

अपनी कक्षा में अनुस्वार के प्रयोग वाले छात्रों के नामों की सूची बनाएँ। कुछ अनुनासिक या चंद्रबिंदु वाले नामों पर आपस में चर्चा करें।

आओ अच्छी बात सीखें

सभी वर्ण आपस में मिलकर शब्द तथा वाक्य बनाते हैं। इससे ही भाषा का निर्माण होता है। मिल-जुलकर रहने से हम शक्तिशाली बनते हैं।

3 मात्राएँ

आओ गुनगुनाएँ-

हिंदी हैं हम वतन है
हिन्दोस्तां हमारा



उपरोक्त पंक्ति में आए शब्दों में स्वरों के साथ उनकी मात्राओं का प्रयोग किया गया है।

शिक्षण संकेत बच्चों को लय में पंक्ति पढ़ने को कहें तथा उन्हें समझाएँ कि वर्णों में आए स्वरों के चिह्न **मात्रा** कहलाते हैं। स्वर व्यंजनों में मात्रा के रूप में जुड़ते हैं।

अब पाठ की ओर बढ़ें



उपरोक्त चित्र में–

दादी में द् + आ + द् + ई चार वर्ण हैं।

मोर में म् + ओ + र् + अ चार वर्ण हैं।

○ द् में आ जुड़ा तो बना (दा) ○ द् में ई जुड़ा तो बना (दी)

व्यंजन में जब स्वर मिलते हैं, तो उनका रूप बदल जाता है। यह बदला हुआ रूप **मात्रा** कहलाता है।

स्वरों के लिए निश्चित किए गए चिह्न **मात्रा** कहलाते हैं।

आओ, स्वरों की मात्राएँ सीखें–

अ

अ की मात्रा नहीं होती

अ मिलाकर व्यंजन पूरा लिखा जाता है।


जैसे–

ब् + अ = ब

स् + अ = स


बस





आ

आ की मात्रा है – ा




माला




तबला

इ

इ की मात्रा है – ि



हिरन



तकिया

ई

ई की मात्रा है – ी


वीणा 

बकरी 

उ

उ की मात्रा है – ु

गुलाब 

धनुष 

ऊ

ऊ की मात्रा है – ू

फूल 

कबूतर 

ऋ

ऋ की मात्रा है – ृ

वृक्ष 


कृषक 

ध्यान दें

- 'ऋ' को 'रि' की तरह बोलते हैं। 'ऋ' एक स्वर है। इसकी मात्रा ' ृ ' लगती है।

ए

ए की मात्रा है – े



केले



सितारे

ऐ

ऐ की मात्रा है – ै



पैर



अटैची

ओ

ओ की मात्रा है – ो



ढोलक



समोसा

औ

औ की मात्रा है – ौ



पौधा



खिलौना

इन्हें पढ़िए–

जुराब	जूता	सेना	सैनिक
सुत	सूत	बोना	बौना
पुजारी	पूजा	लोटा	लौकी
बेल	बैल	पोता	पौधा

○ र् के साथ 'उ', 'ऊ' की मात्रा नीचे नहीं बीच में लगती है।

र् + उ = रु – रुपया रुको

र् + ऊ = रू – रूप रूमाल



आओ दोहराएँ

○ स्वरों की मात्राएँ होती हैं।

○ स्वर व्यंजन के साथ मात्रा के रूप में जुड़ते हैं।

○ 'अ' की कोई मात्रा नहीं होती।

अभ्यास

मौखिक

[वाचन व चिंतन कौशल]

1. स्वरों के चिह्न क्या कहलाते हैं?
2. 'र्' में 'उ', 'ऊ' की मात्रा कहाँ लगती है?
3. 'औ' स्वर में प्रयुक्त मात्रा कौन-सी है?


लिखित

1. शब्द बनाकर चित्रों से मिलाइए– [शब्द निर्माण, उचित मिलान की दक्षता]

ता
मा
जा


ला

ताला






2. चित्रों के नाम ढूँढ़कर लिखिए– [चित्र पहचान, शब्द ज्ञान]










मूली
कछुआ
झूला
तितली
आम
अनार
घर
घड़ी
भालू

3. चित्रों को उनके नाम से मिलाइए–

[चित्र पठन तथा शब्द पहचान की दक्षता]

(i) 

(ii) 

(iii) 

(iv) 

(v) 

(vi) 

कचौड़ी

नौका

वृक्ष


कैमरा

घोड़ा

धोबी

4. चित्र देखकर सही मात्रा लगाओ–

[चित्र पहचान, मात्रा ज्ञान]



हाथ·····



त·····ता



इमल·····




कषक

कलाकारी

(क) चित्रों में रंग भरें तथा उनके नीचे सही मात्रा को चुनें–




ओ औ



ए ऐ

(ख) 'ऋ' की मात्रा वाले चित्र में रंग भरो तथा उनके नीचे उनके नाम लिखो–







चर्चा करें

अपने घर में माता-पिता से कुछ बिना मात्रा वाले शब्दों पर बातचीत करें तथा उनका अर्थ जानें।

नमन → नमस्कार करना

आओ अच्छी बात सीखें

मात्राएँ वर्णों के साथ मिलकर उसे नया रूप देती हैं। आप साथ-साथ मिलकर कौन-सा काम करते हैं–

खाना नहाना लड़ना

4 बिंदु (ं), चंद्रबिंदु (ँ)

आओ शब्द पढ़ें और समझें



अंगूर



आँख



पंखा



चाँद

- बिंदु का उच्चारण नाक से होता है। इसे अनुस्वार भी कहते हैं।
- चंद्रबिंदु का उच्चारण मुँह और नाक दोनों से होता है। इसे अनुनासिक भी कहते हैं।

कुछ अन्य शब्द पढ़िए–

अंग	अँगूठी	रंग	रँगना
पंच	पाँच	बंदर	बाँसुरी
हंस	हँसना	तंग	ताँगा

अभ्यास

मौखिक

[वाचन कौशल]

1. 'गगा' में कौन-सा चिह्न लगेगा?
2. 'आख' में किस चिह्न का प्रयोग होगा?


लिखित

1. नाम के साथ चित्र का मिलान करो–


[चित्र पठन]








ऊँट
कंगन
बंदर
चाँद
सूँड़
पतंग







2. उचित स्थान पर बिंदु (ं) या चंद्रबिंदु (ँ) लगाकर शब्द पूरे कीजिए–

[लेखन अभिव्यक्ति, उचित चिह्न का ज्ञान]

साँप	अडा	अगूठी	कघा
शख	कधा	आख	चाद
तागा	बूद	मजन	जगल
दात	पख	हस	रग

3. चित्र देखकर नाम लिखो–

[चित्र पहचान]



.....



.....




.....



.....

कलाकारी


बिंदु के नाम वाले शब्दों में हरा रंग तथा चंद्रबिंदु के नाम वाले शब्दों में भूरा रंग भरकर नाम लिखो–



.....



.....



.....

चर्चा करें

बिंदु और चंद्रबिंदु के प्रयोग पर मित्रों से चर्चा करें।

आओ अच्छी बात सीखें

बिंदु बहुत छोटा होता है परंतु इसका बड़ा महत्त्व होता है। छोटी-सी वस्तु भी हमारे लिए महत्त्व की है।

5 शब्द और वाक्य

आओ पाठ शुरू करें

चित्र में जो-जो दिख रहा है, उसका नाम लिखो–

कमल

.....

.....

.....

.....

.....

.....



अब इन शब्दों से वाक्य बनाओ–

1. चिड़िया उड़ रही है।
2. .....
3. .....
4. .....

शिक्षण संकेत बच्चों को उपरोक्त कार्यकलाप द्वारा शब्द व वाक्य की जानकारी देते हुए पाठ की ओर बढ़ें।

शब्द

जैसा कि हम पढ़ चुके हैं हमारे मुख से निकली ध्वनियों को **वर्ण** कहते हैं। वर्णों के सार्थक मेल से **शब्द** बनते हैं; जैसे–



कमल	लकम



लड़का	लकाड़

इन शब्दों में **कमल** और **लड़का** शब्दों से उनका अर्थ पता चलता है। **लकम** और **लकाड़** से कुछ पता नहीं चलता।

कमल = क् + अ + म् + अ + ल् + अ (इसमें 6 ध्वनियाँ हैं।)

लड़का = ल् + अ + ड़् + अ + क् + आ (इसमें भी 6 ध्वनियाँ हैं।)

वाक्य

शब्दों से **वाक्य** बनते हैं। वाक्य बनाने के लिए शब्दों का सही जगह प्रयोग होना चाहिए।




मनु खेलता है।

है खेलता मनु

घोड़ा दौड़ता है।

दौड़ता घोड़ा है



यहाँ 'मनु खेलता है।', 'घोड़ा दौड़ता है।' वाक्य सही अर्थ देते हैं। 'है खेलता मनु', 'दौड़ता घोड़ा है' से सही अर्थ का पता नहीं चलता।

शब्द बनाना

आओ देखें **शब्द** कैसे बनते हैं–

अंडा + लंगूर = अंगूर

जंग + मंगल = जंगल

कब + सब = बस

रोक + सीटी = रोटी



क + ल + श = **कलश**

क + बू + त + र = **कबूतर**





घो + ड़ा = **घोड़ा**


वाक्य बनाना

आओ देखें **वाक्य** कैसे बनते हैं–



आयुष + जाता + है

आयुष जाता है।



बाग + में + फूल + हैं

बाग में फूल हैं।



सुमन + खेलती + है

सुमन खेलती है।

ध्यान दें

- वाक्य भाषा की सबसे बड़ी इकाई है।

आओ दोहराएँ

- वर्णों के सार्थक मेल से शब्द बनते हैं।
- शब्दों के सार्थक मेल से वाक्य बनते हैं।

अभ्यास

मौखिक


[वाचन व चिंतन कौशल]


1. शब्द कैसे बनते हैं?
2. वाक्य कैसे बनते हैं?
3. 'लक' का शुद्ध रूप क्या होगा?

लिखित

1. इन फूलों में वर्ण बिखर गए हैं। सही वर्ण चुनकर शब्द बनाइए–

[लेखन अभिव्यक्ति, शब्द निर्माण]





2. वर्ण जोड़कर शब्द बनाइए– [सहज अवधारणा बोध]

त + ब + ला = ...

क + बू + त + र = ...

द + र + वा + ज़ा = ...

पा + ठ + शा + ला = ...

3. नीचे कुछ शब्द आपस में घुल-मिल गए हैं। उन्हें अलग-अलग करके वाक्य बनाइए– [शब्द चयन की दक्षता, वाक्य निर्माण]

○ मछली ○ वैभव ○ बाज़ार ○ पानी ○ गया ○ मीतू ○ तैर
○ पढ़ती ○ में ○ रही ○ किताब ○ है

(i) .....

(ii) .....

(iii) .....

4. शब्दों को सही क्रम में लिखकर वाक्य बनाइए– [सही क्रम का ज्ञान]

(i) तैर हंस में तालाब है रहा .....

(ii) हैं खेल रहे बच्चे .....


(iii) नाच मानसी है रही .....

कलाकारी

वर्ण जोड़कर जन्मदिन पर प्रयोग होने वाली कुछ चीज़ों के नाम लिखिए तथा उनमें मनपसंद रंग भरिए–




क्+ए+क्+अ = ...



ट्+ओ+प्+ई = ...



उ+प्+अ+ह्+आ+र्+अ = ...



ग्+उ+ब्+ब्+आ+र्+आ = ...

चर्चा करें

निम्न वाक्य पर अपने मित्र से चर्चा करें—

सच्चाई की सदा जीत होती है।

आओ अच्छी बात जानें

हमारे राष्ट्रीय ध्वज का नाम तिरंगा है। इसके तीन रंगों में आपका पसंदीदा रंग कौन-सा है? वह रंग किसका प्रतीक है?

6 किसका क्या नाम

आओ पाठ को जानें


इस चित्र में जो भी चीज़ें हैं, उनका नाम लिखिए–



....

....

शिक्षण संकेत बच्चों को नाम वाले शब्दों को समझाते हुए चित्र में व्यक्तियों, वस्तुओं आदि के नाम लिखने को कहें और कुछ नाम शब्द अपनी तरफ़ से बोलने के लिए कहें।



विभा जो कुछ भी लाई है, सब चीज़ों के कोई न कोई **नाम** हैं।

सब व्यक्तियों, प्राणियों, स्थानों तथा वस्तुओं के **नाम** होते हैं।

हम उन्हें उनके **नाम** से पुकारते हैं।

नाम वाले शब्दों को **संज्ञा** कहते हैं।

नाम कै से-कै से

सभी के **नाम** होते हैं।

व्यक्तियों के नाम		विनायक	नीता	रामलाल
स्थानों के नाम		मथुरा	बरेली	लालकिला
पशुओं के नाम		हाथी	ऊँट	शेर
पक्षियों के नाम		कोयल	तोता	मोर
वस्तुओं के नाम		मेज़	पंखा	किताब
फलों के नाम		आम	सेब	नारियल
नदियों के नाम		गंगा	यमुना	सरस्वती
दिनों के नाम		सोमवार	मंगलवार	रविवार

विशेष जानकारी

- भावों के भी नाम होते हैं; जैसे– अच्छाई, बुराई, डर, बचपन, बुढ़ापा, घबराहट आदि।

आओ दोहराएँ

- सब व्यक्तियों, प्राणियों, स्थानों व वस्तुओं के कुछ न कुछ नाम होते हैं।
- नाम वाले शब्दों को संज्ञा कहते हैं।

अभ्यास

मौखिक

[वाचन कौशल]

1. नाम वाले शब्दों को अन्य किस नाम से जाना जाता है?
2. 'मिठास' किसका नाम है?
3. कौन-सा स्थान आपको सबसे प्रिय है?

लिखित

1. नाम लिखिए– [स्व मूल्यांकन, लेखन अभिव्यक्ति]

(i) अपना नाम – .....

(ii) स्कूल का नाम – .....

(iii) माता का नाम – .....

(iv) पिता का नाम – .....

(v) मित्र का नाम – .....

ये किनके नाम हैं? _____

2. चित्र का नाम लिखकर वाक्य पूरे कीजिए– [चित्र पहचान, वाक्य निर्माण]

(i) गमले में  ..... खिला है।

(ii)  ..... के नीचे  ..... बैठी है।

(iii)  .....  ..... खाता है।

(iv)  .... खाती है।

3. उचित संज्ञा (नाम) शब्द चुनकर वाक्य पूरे कीजिए–

[शब्द चयन की दक्षता]

(i) हमें ..... की याद बहुत आती है।

(ii) ..... एक विशाल जानवर है।

(iii) ..... पर हमारा यान पहुँच चुका है।

(iv) ताजमहल ..... में स्थित है।

(v) ..... फुटबॉल का अच्छा खिलाड़ी है।

(vi) हमारे स्कूल का ..... बहुत बड़ा है।

(vii) यमुना ..... दिल्ली के बाईं ओर बहती है।

चंद्रमा
बचपन
आगरा
नदी
मैदान
हाथी
सुनील

4. संज्ञा (नाम) शब्दों को रेखांकित कीजिए– [सहज अवधारणा बोध]

(i) जलेबी में मिठास है।

(ii) शेर एक खूँखार जानवर है।


(iii) हमें सबसे मित्रता रखनी चाहिए।

(iv) पीला आम मीठा होता है।


(v) इंदौर एक स्वच्छ शहर है।

कलाकारी


उन चीज़ों में पीला रंग भरें जो आपकी कक्षा में दिखाई देती हैं तथा उन चीज़ों में हरा रंग भरें जो आपके घर में दिखाई देती हैं। सभी के नाम भी लिखें–








....



.....



.....

चर्चा करें

अपने सहपाठियों से उन दो नामों पर विचार-विमर्श करें जो आप प्रायः सुनते रहते हैं।

आओ अच्छी बात सीखें

अपने से बड़ों व सम्मानित व्यक्तियों के नाम के आगे 'जी' या 'सर' का प्रयोग अच्छे व्यवहार की पहचान है।

- चाचा जी
- अध्यापिका जी
- रमन सर

7 लड़का-लड़की

आओ पढ़ें

पुरुष हो तो कहलाता है पुल्लिंग।
स्त्री हो तो कहलाती है स्त्रीलिंग।।

1.





2.





3.





शिक्षण संकेत बच्चों को पुरुष व स्त्री शब्दों की स्पष्ट पहचान कराते हुए कुछ ऐसे ही शब्द उनसे बोलने के लिए कहें और पाठ की ओर बढ़ें।

सभी नामों में **लड़का-लड़की** या **पुरुष-स्त्री** होते हैं।

पुरुष या स्त्री जाति की पहचान कराने वाले शब्दों को **लिंग** कहते हैं।

लिंग दो प्रकार के होते हैं– **स्त्रीलिंग** तथा **पुल्लिग**।

कुछ पुल्लिग-स्त्रीलिंग शब्द

पुल्लिग	स्त्रीलिंग	पुल्लिग	स्त्रीलिंग
पिता	माता	बकरा	बकरी
नाना	नानी	शेर	शेरनी
चाचा	चाची	हंस	हंसिनी
भाई	बहन	चूहा	चुहिया
मौसा	मौसी	बैल	गाय

अभ्यास

मौखिक

[वाचन व चिंतन कौशल]

1. 'लड़का' शब्द का लिंग क्या होगा?
2. 'चुहिया' शब्द स्त्री है या पुरुष?
3. लिंग किसे कहते हैं?

लिखित

1. लिंग बदलकर लिखो– [लिंग परिवर्तन]

शेरनी – ..... अध्यापिका – .....

बंदर – ..... रानी – .....

हिरण – ..... बेटी – .....

2. रंगीन शब्दों के लिंग पहचानकर लिखो– [लिंग पहचान]

(i) गुड़िया लेकर आओ। .....


(ii) लेखिका पत्र लिख रही है। .....

(iii) छात्र घर जा रहा है। .....

(iv) बकरी पत्ते खाती है। .....

(v) राहुल कहानी का नायक है। .....

3. सही जोड़े मिलाइए और नाम लिखिए– [चित्र पठन, सही मिलान की दक्षता]



4. उदाहरण देखकर वाक्य पूरे कीजिए– [सहज अवधारणा बोध]

(i) बहन ने ..... भाई ..... को राखी बाँधी।

(ii) मोर और ..... जंगल में रहते हैं।

(iii) घोड़ा ..... से तेज़ दौड़ता है।

(iv) चाचा ..... के साथ बाज़ार गए।


(v) ..... और शेरनी गुफा में रहते हैं।

(vi) ..... और चुहिया बिल में रहते हैं।


(vii) बेटा और ..... एक समान होते हैं।

कलाकारी


दिए गए चित्रों को देखकर स्त्री जाति (स्त्रीलिंग) वाले चित्रों में गुलाबी रंग तथा पुरुष जाति (पुल्लिंग) वाले चित्रों में हरा रंग भरो। चित्रों के नीचे उनके नाम भी लिखो–




.....



.....



.....



.....

चर्चा करें

शिक्षक से उन शब्दों के विषय में पूछें जो दोनों लिंगों में एक समान रहते हैं।

आओ अच्छी बात सीखें

लड़का हो या लड़की हम सब एक समान।
पढ़-लिखकर योग्य बनें हम और कमाएँ अपना नाम।।

8 एक-अनेक

आओ समझें

गिनती में एक है तो हम कहेंगे **एकवचन**।

गिनती में अनेक हैं तो हम कहेंगे **बहुवचन**।।

एक-अनेक ⇒ संख्या ⇒ वचन



मैं हूँ **लड़का**

मैं हूँ **एक**

हम हैं **लड़के**

हम हैं **अनेक**



मैं हूँ **चूहा**

मैं हूँ **एक**



हम हैं **चूहे**

हम हैं **अनेक**



शिक्षण संकेत बच्चों को उनके आसपास की कुछ चीज़ों को दिखाकर एक-अनेक की पहचान कराएँ; जैसे– विद्यालय – एक, कमरे – अनेक आदि।

एक के लिए कहें, तो – **एक**। अधिक के लिए कहें, तो – **अनेक**।

शब्दों के जिस रूप से वस्तु के एक या अनेक होने का बोध हो, उसे **वचन** कहते हैं।

वचन दो प्रकार के हैं– एकवचन तथा बहुवचन।

एक	अनेक	एक	अनेक
घोड़ा	घोड़े	टोपी	टोपियाँ
ताला	ताले	लड़की	लड़कियाँ
केला	केले	कुर्सी	कुर्सियाँ
पुस्तक	पुस्तकें	चिड़िया	चिड़ियाँ
आँख	आँखें	गुड़िया	गुड़ियाँ
पेंसिल	पेंसिलें	कुटिया	कुटियाँ

अभ्यास

मौखिक

[वाचन व चिंतन कौशल]

1. 'एक' और 'अनेक' को क्या कहते हैं?
2. 'मालाएँ' का एकवचन क्या होगा?
3. 'ताला' शब्द एक है या अनेक?

लिखित

1. सही शब्द पोटली से चुनकर लिखिए–

[सही शब्द चयन की दक्षता]

(i) पेंसिल ..... पेंसिलें .....

(ii) घोड़ा .....

(iii) आँख .....

(iv) लड़की .....

(v) कुर्सी .....

(vi) गुड़िया .....



2. चित्र को एक या अनेक से मिलाइए–[चित्र पठन, उचित मिलान की दक्षता]



एक






अनेक









3. सोचकर बताइए–

आपके घर में क्या एक है और क्या अनेक?


एक	अनेक	एक	अनेक
.....	.....	.....	.....
.....	.....	.....	.....
.....	.....	.....	.....
.....	.....	.....	.....

4. एक पर नीला तथा अनेक पर हरा रंग भरकर नाम लिखिए–

[कला समेकन]




.....




.....


कलाकारी


एक को अनेक से मिलाओ तथा रंग भरो–



















आओ करें

अपनी कक्षा में एकवचन और बहुवचन वाली कुछ वस्तुओं की सूची बनाइए–

एक – ....

अनेक – ....

आओ अच्छी बात सीखें

एक-एक मिलकर अनेक होते हैं। एक-एक बूँद से घड़ा भरता है। छोटी-छोटी चीज़ों का अपना महत्त्व होता है।


9 कैसा-कितना

आओ करें

- अनार का रंग कैसा होता है– लाल
- तोते का रंग कैसा होता है– .....
- आसमान का रंग कैसा होता है– .....
- हाथी कैसा जानवर है– .....
- मोर के कितने पैर होते हैं– .....







शिक्षण संकेत बच्चों को समझाएँ कि रंगीन शब्द 'आम' व 'बिल्ली' की कुछ विशेषता बता रहे हैं। उनसे कुछ विशेषता बताने वाले शब्दों की चर्चा करते हुए पाठ की ओर बढ़ें।

कुछ शब्द **नाम शब्दों** के बारे में अर्थात उनकी विशेषता बताते हैं।

विशेषता बताने वाले इन शब्दों को **विशेषण** कहते हैं।

उदाहरण– लाल फूल थोड़ा दूध गरम चाय हरा बगीचा आदि।

ध्यान दें

- जिन शब्दों की विशेषता बताई जाती है वे प्राय: संज्ञा (नाम) शब्द होते हैं।

कैसा फूल? **लाल** **कितना दूध?** **थोड़ा**

कैसा / कैसी / कैसे	**कितना / कितनी / कितने**
काला छाता	अधिक दूध
छोटी बिल्ली	चार गुब्बारे
हरा पेड़	पाँच पेंसिलें
रंग-बिरंगे गुब्बारे	सात पेड़

अभ्यास


मौखिक

[वाचन व चिंतन कौशल]

1. विशेषता बताने वाले शब्द क्या कहलाते हैं?
2. विशेषण किनकी विशेषता बताते हैं?
3. 'रंग-बिरंगे' विशेषता के लिए संज्ञा शब्द क्या होगा?
4. 'ठंडा' विशेषण के लिए संज्ञा शब्द बताइए।
5. ....."बगीचा' – विशेषण बताइए।

लिखित

1. सही शब्द चुनकर लिखिए– [उचित शब्द चयन की दक्षता]




कैसा पत्ता?

.....



कैसा गद्दा?

.....



गेंदें कितनी हैं?

गेंदें कैसी हैं?



गुब्बारे कितने हैं?

गुब्बारे कैसे हैं?

तीन

चार

लाल

रंग-बिरंगे

हरा

नरम

2. विशेषता बताने वाले शब्द लिखकर खाली जगह भरिए–

[सहज अवधारणा बोध]

(i) तोते का रंग ..... होता है।

(ii) कौआ ..... होता है।

(iii) मैंने ..... फल खाए।

(iv) बाग में ..... फूल हैं।

(v) हमारा स्कूल ..... है।

3. चित्र देखकर सही मिलान करो– [उचित मिलान की दक्षता]



❍ ❍ गहरा



❍ ❍ काली



❍ ❍ खट्टा



❍ ❍ मीठी



❍ ❍ ठंडी

4. विशेषता बताने वाले शब्दों पर गोला लगाओ– [शब्द पहचान]

❍ करेला कड़वा होता है।

❍ रोहन ने सफ़ेद कमीज़ पहनी है।


❍ काली भैंस घास चर रही है।

❍ छह केले लेकर आओ।

❍ तालाब में अनेक मछलियाँ हैं।

कलाकारी


गरमियों में आप जो फल खाते हैं, उस पर पीला तथा सरदियों में जो फल खाते हैं उस पर भूरा रंग भरिए। विशेषता बताने वाला शब्द भी लिखिए–




..... अमरूद



..... आम



..... खरबूजा



..... आलूबुखारा

चर्चा करें

अपने मित्र से अपनी शिक्षिका की कुछ विशेषताओं पर चर्चा करें तथा उनकी सूची बनाएँ।

- परिश्रमी ....

आओ अच्छी बात सीखें

अपने मित्र के स्वभाव की तीन विशेषताएँ बताइए जिन्हें आप अपनाना चाहेंगे।

- सच्चा
- मिलनसार
- हँसमुख

10 काम करना

आओ पढ़ें

दिन भर में हम जो काम करें,
नाचें, गाएँ, आराम करें।
पढ़ें, लिखें, खाएँ, खेलें या जाएँ,
ये ही सब क्रिया कहलाएँ।

शिक्षण संकेत इन पंक्तियों में बच्चों को काम वाले शब्दों की पहचान करने को कहें। उन्हें स्वयं ऐसे कुछ शब्दों को बोलने के लिए कहें और पाठ की ओर बढ़ें।



उपरोक्त चित्र में सभी कुछ-न-कुछ कर रहे हैं।

- शेर बैठा है।
- हिरन दौड़ रहा है।
- भालू नाच रहा है।
- कोयल गा रही है।
- पक्षी उड़ रहे हैं।

हम सब हर समय कुछ-न-कुछ करते रहते हैं।

काम वाले शब्दों को **क्रिया** कहते हैं।

काम ⟹ क्रिया

ये सभी कुछ-न-कुछ काम कर रहे हैं–



पढ़ना



खेलना



सोना



नाचना



गाना



रोना



तैरना



बैठना



लिखना

- क्रिया वाक्य का महत्त्वपूर्ण अंग है।

कुछ काम किए जाते हैं, कुछ स्वयं होते हैं; जैसे–

अपने आप होने वाले कार्य

- वर्षा हो रही है।
- जंगल में आग लग गई है।
- तारे निकल रहे हैं।

किए जाने वाले कार्य

- राम खेत जोत रहा है।
- रमेश साइकिल चलाता है।
- निधि आगरा जा रही है।

अभ्यास

मौखिक

[वाचन व चिंतन कौशल]

1. काम वाले शब्दों को क्या कहते हैं?
2. अपने आप होने वाले कार्य का एक उदाहरण बताइए।
3. 'सूरज ..... रहा है।' क्रिया शब्द भरिए।

लिखित

1. चित्र से शब्द का मिलान कीजिए–

[उचित मिलान की दक्षता]





देखना

खाना

पीना

पकाना

लाना







2. सही क्रिया पद लिखकर वाक्य पूरे कीजिए–

[लेखन अभिव्यक्ति, वाक्य निर्माण]

(i)  अमन पत्र लिख रहा है।

(ii)  बच्चा झूला .....।

(iii)  सपेरा बीन .....।

(iv)  बच्चा गेंद से .....।

3. क्रिया शब्दों पर गोला लगाओ– [शब्द पहचान]

सोना	नहाना	राकेश	नाचना
ऊँचा	माता	उतरना	हमारा
तुम	पढ़ना	राधा	जंगल
अंश	दौड़ना	हम	हरा
चढ़ना	पाप	बनाना	बचपन

4. टोकरी से क्रिया शब्द छाँटकर नीचे लिखिए– [सहज अवधारणा बोध]





....

....

कलाकारी

(क) चित्र देखकर क्रिया शब्द लिखो और बताओ कौन सी क्रिया हो रही है तथा कौन सी की जा रही है।





क्रिया शब्द : ..... क्रिया शब्द : .....

क्रिया का प्रकार : ..... क्रिया का प्रकार : .....





क्रिया शब्द : ..... क्रिया शब्द : .....

क्रिया का प्रकार : ..... क्रिया का प्रकार : .....

चर्चा करें

दिन में किए जाने वाले चार कार्यों की सूची बनाओ तथा अपने मित्र से चर्चा करो कि उनमें से आपको सबसे अच्छा कार्य कौन-सा लगा। **[समूह गतिविधि]**

आओ अच्छी बात सीखें

- आप कौन-सा अच्छा काम करते हैं?

  पानी बचाना ☐ पानी खूब इस्तेमाल करना ☐

- कूड़ा कहाँ फेंकते हैं?

  कूड़ेदान में ☐ कहीं भी ☐

11 एक जैसे अर्थवाले शब्द

आओ पढ़ें और समझें



शिक्षण संकेत समान अर्थ वाले शब्दों की सही पहचान कराने में बच्चों की मदद करें। कुछ ऐसे ही शब्द उनसे बताने के लिए कहें; जैसे– पुस्तक–किताब।

कुछ शब्दों का अर्थ एक जैसा होता है। इन शब्दों को समानार्थी या पर्यायवाची शब्द कहते हैं।

उदाहरण–

मछली	⟶	मीन	पंख	⟶	पर
नौका	⟶	नाव	चाँद	⟶	चंदा
मयूर	⟶	मोर	वन	⟶	जंगल
मेघ	⟶	बादल	वस्त्र	⟶	कपड़ा

अभ्यास

मौखिक

[वाचन कौशल]

1. एक जैसा अर्थ बताने वाले शब्दों को क्या कहते हैं?
2. 'आकाश' का समानार्थी शब्द क्या होगा?

लिखित

1. इनका दूसरा नाम क्या है?

[चित्र पठन, शब्द ज्ञान]



फूल सुमन

जल .....



मेघ .....

नौका .....



आँख .....

वन .....



पर्वत .....

बर्फ़ .....

2. सही शब्द लिखकर वाक्य पूरे कीजिए–

[शब्द चयन की दक्षता]

बाग किताब पेड़ मीन पर

(i) 'वृक्ष' को पेड़ भी कहते हैं।

(ii) 'मछली' को ..... भी कहते हैं।

(iii) 'पंख' को ..... भी कहते हैं।

(iv) 'बगीचा' को ..... भी कहते हैं।

(v) 'पुस्तक' को ..... भी कहते हैं।

3. चित्र देखकर उनके नाम लिखिए और उन्हें समान अर्थवाले शब्द से मिलाइए–

[चित्र पठन, सही मिलान की दक्षता]



मयूर .....



चंदा | पुस्तक | मोर | गृह

कलाकारी

समान अर्थ बताने वाले चित्र पर रंग भरो तथा उसका समानार्थी शब्द भी लिखो–

फूल






.....

गंगा





.....

जानकारी करें

आपके एक मित्र का नाम मयंक है। उसके समान अर्थ वाले शब्द के विषय में जानें।

आओ अच्छी बात सीखें

- हमारे प्यारे देश भारत का अन्य नाम है →
- हमारी पवित्र नदी गंगा का अन्य नाम है →

12 उलटे अर्थवाले शब्द

आओ पढ़ें और समझें













शिक्षण संकेत उलटे अर्थ वाले शब्दों का ज्ञान बच्चों को आसानी से हो जाता है। उनसे ऐसे ही कुछ शब्द पूछकर पाठ की ओर ले चलें।

कुछ शब्द एक-दूसरे का उलटा या विपरीत अर्थ देते हैं।

उलटा अर्थ देने वाले शब्दों को **विलोम** या **विपरीतार्थक शब्द** कहते हैं।

उलटे अर्थवाले कुछ शब्द–

शब्द	विलोम
उठना	× बैठना
हँसना	× रोना
ठंडा	× गर्म
शाम	× सुबह
गुण	× दोष
थोड़ा	× बहुत
धर्म	× अधर्म

शब्द	विलोम
अच्छा	× बुरा
दिन	× रात
इधर	× उधर
सच	× झूठ
प्रश्न	× उत्तर
काला	× सफ़ेद
धनी	× निर्धन

शब्द	विलोम
नया	× पुराना
सोना	× जागना
आज	× कल
पाप	× पुण्य
कायर	× वीर
यहाँ	× वहाँ
सरल	× कठिन

अभ्यास

मौखिक

[वाचन कौशल]

1. उलटे अर्थ वाले शब्दों को क्या कहते हैं?
2. 'खट्टा' का विलोम क्या होगा?
3. 'तेज़' का उलटा शब्द बताइए।

लिखित

1. उलटे अर्थ वाले शब्द लिखो–

[लेखन अभिव्यक्ति]

मोटा × ..... भारी × .....

कच्चा × ..... बैठना × .....

मटमैला × ..... सुबह × .....

आलसी × ..... अपमान × .....

2. उदाहरण देखकर सही शब्द लिखिए– [लेखन अभिव्यक्ति, शब्द ज्ञान]

(i) भेड़ का रंग **काला** नहीं, सफ़ेद है।

(ii) शरबत **गरम** नहीं, ... है।

(iii) मुझे आज **पुराना** नहीं, ... कोट पहनना है।

(iv) मैं **सो** नहीं, ... रहा हूँ।

(v) हमें सदैव **स्वच्छ** कपड़े पहनने चाहिए ..... नहीं।

3. चित्र देखकर उलटे अर्थ वाले शब्द लिखिए–

[चित्र पठन, शब्द चयन की दक्षता]



सुबह | शाम



उठना |




नीचे |



| गरम



हँसना |



| बहुत

कलाकारी

उलटे अर्थ वाले चित्रों में रंग भरें तथा उनके नाम लिखें–



.....



.....



.....



.....






.....

.....





.....

.....

चर्चा करें

अपनी मित्र मंडली में कुछ ऐसे शब्दों पर चर्चा करें जो उलटा-सीधा एक समान रहते हैं।

आओ अच्छी बात सीखें

हमें किसी को उलटी बात नहीं कहनी चाहिए। सीधी-सही बात सबको प्यारी लगती है।

13 वाक्य बनाएँ

सार्थक शब्दों के मेल से वाक्य बनते हैं। वाक्य बनाते समय सरल तथा सटीक शब्दों का प्रयोग करना चाहिए। संबंधित व्यक्ति या वस्तु को ध्यान में रखकर ही वाक्य रचना की जानी चाहिए।

1. मेरा बस्ता



1. यह मेरा बस्ता है।
2. इसका रंग हरा है।
3. इसमें किताब, कॉपी, पेंसिल और रबड़ हैं।
4. इसमें खाने का डिब्बा भी है।
5. मैं इसे लेकर स्कूल जाता हूँ।

2. मेरा मित्र



1. यह मेरा मित्र है।
2. इसका नाम मोहित है।
3. मैं इसके साथ स्कूल जाता हूँ।
4. हम कक्षा एक में पढ़ते हैं।
5. यह बहुत अच्छा लड़का है।

अभ्यास

लिखित

1. चित्र देखकर दिए गए शब्दों की सहायता से वाक्य पूरे कीजिए–

[लेखन अभिव्यक्ति, वाक्य निर्माण]

○ कुत्ता ○ पिताजी ○ डबलरोटी ○ वीरू ○ खेलता है ○ बिस्कुट



(i) यह हमारा प्यारा ..... है।

(ii) इसका नाम ..... है।

(iii) इसे ..... लाए थे।

(iv) यह हमारे साथ ..... ।

(v) यह ..... और ..... खाता है।

2. दिए गए चित्र को देखकर उस पर पाँच वाक्य लिखिए–

[चित्र पठन, वाक्य निर्माण]



आओ अच्छी बात सीखें

'हमें हिंदी लिखना-पढ़ना अच्छा बहुत लगता है।' इस वाक्य को शुद्ध रूप में लिखिए–

14 चित्र-वर्णन

दिए गए चित्र को देखकर उसमें जो-जो हो रहा है, पाँच-छः वाक्यों में उसका वर्णन करना **चित्र-वर्णन** कहलाता है। इसमें केवल चित्र से संबंधित जानकारी ही दी जानी चाहिए।

चित्र-वर्णन के उदाहरण–

1.



1. आसमान में बादल छाए हैं।
2. यहाँ एक मोर है।
3. वह पंख फैलाकर नाच रहा है।
4. नाचता हुआ मोर सुंदर लगता है।
5. मेंढक टर्र-टर्र कर रहा है।
6. वह बादल देखकर खुश हो रहा है।

2.



1. यह एक नदी है।
2. नदी में तीन बतखें तैर रही हैं।
3. नदी में कुछ मछलियाँ भी हैं।
4. मछलियाँ तैरती हुई सुंदर लग रही हैं।
5. नदी के किनारे एक हिरन खड़ा है।
6. एक हिरन पानी पी रहा है।

अभ्यास

चित्र देखकर पाँच वाक्यों में उसका वर्णन कीजिए–

[चित्र पठन तथा लेखन की दक्षता]

1.



2.



15 शब्द-लड़ी

चित्र देखकर शब्द-लड़ी समझिए–

1→

र	थ	2↓
	र	
	म	


9


3


10


2

3→

स	पे	रा	4↓

5→

जा	मु	न	6↓


7


12

7→

दी	प	क	8↓
		ल	


13

9→

श	ल	ग	म	10↓
			छ	


1


5


8

11→

ली	ची	12↓	
	ता	ला	


4


11


6

अभ्यास

चित्रों की सहायता से शब्द-लड़ी पूरी कीजिए–[चित्र पठन, लेखन अभिव्यक्ति]

1→

कि		ब

2 ↓

3→ | | | |
|---|---|---|
| | ख | |

4 ↓

र
बू

		ज	

5→ 6 ↓

	म	

7→ 8 ↓

न	

9→ 10 ↓

ह

11→ 12 ↓

म

	पे	

13→ 14 ↓

जा


13


8

12


10


1



7



3


9


14


11


2


4


5


6

16 आओ खेलें खेल

ये हैं नाम शब्द	1 आम	2	3	4
ये बताते हैं नाम के बारे में	5 अच्छा	6	7	8
ये बताते हैं काम करने के बारे में	9 पढ़ना	10	11	12

सही जगह पर लिखिए–

1. आपको क्या खाना पसंद है? .....
2. आपका प्रिय पशु .....
3. आपका प्रिय पक्षी .....
4. आपकी प्रिय जगह .....
5. आपका मित्र कैसा है? .....
6. आपके पास कितनी पेंसिलें हैं? .....
7. आपकी कमीज़ का रंग कैसा है? .....
8. आपके विद्यालय में कितने कमरे हैं? .....



9–12. आपको क्या-क्या करना अच्छा लगता है?

....

....

पशु-पक्षी जगत



पालतू जानवर

जंगली जानवर



जल में रहने वाले जंतु



पक्षी



आदर्श प्रश्न पत्र-1

पाठ 1 से 8 तक

1. भाषा में हम जो-जो करते हैं, उन पर सही (✓) का निशान लगाइए–






2. वर्ण कितने प्रकार के हैं?

3. स्वरों की संख्या कितनी है?

4. उचित मात्रा लगाकर शब्द पूरा कीजिए–


ह र न


म छ ल


क ब त र

5. एक को एकवचन तो अनेक को क्या कहेंगे?


6. सही जगह बिंदु (ं), या चंद्रबिंदु (ँ) लगाइए–

चाद	रग	आख	जगल

7. सही वर्ण चुनकर चित्रों के नाम लिखिए–



.....



.....



.....

र ट म
ल ला ब
क त

8. शब्दों को सही क्रम में लिखकर वाक्य बनाइए–

(i) कूकती है कोयल .....

(ii) है रहा नाच मोर .....

(iii) उग सूरज रहा है .....

9. निर्देशानुसार लिखिए–

(i) दो फलों के नाम .....

(ii) दो पक्षियों के नाम .....

10. सही जोड़े बनाइए–

बैल ..... मोर .....

मौसा ..... चूहा .....

मोरनी	गाय
चुहिया	मौसी

11. सही शब्द चुनकर लिखिए–

ताला ..... टोपी .....

आँख ..... चिड़िया .....

टोपियाँ	ताले
चिड़ियाँ	आँखें

12. वर्ण जोड़कर शब्द बनाइए–

कि + ता + ब = ... ग + म + ला = ...

आदर्श प्रश्न पत्र-2

पाठ 9 से 16 तक

1. सही शब्द चुनकर लिखिए–

(i) हंस का रंग ..... होता है। (काला, सफ़ेद)

(ii) कोयल ..... होती है। (काला, काली)

(iii) मेरे पास ..... पेंसिलें हैं। (चार, एक)

(iv) नदी में ..... पानी है। (ठंडा, गरम)

2. सही मिलान कीजिए–

किसान	तैर रहे हैं।
लड़कियाँ झूला	काँव-काँव कर रहा है।
पानी में हंस	हल जोत रहा है।
कौआ	झूल रही हैं।

3. एक जैसे अर्थ वाले शब्द लिखिए–

मयूर | ..... पुस्तक | ..... नौका | .....

4. उलटे अर्थवाले शब्द लिखिए–

काला | ..... ठंडा | ..... दिन | .....

5. चित्र देखकर दिए गए शब्दों की सहायता से वाक्य पूरे कीजिए–

यह ..... है।

भालू ..... में रहता है।

इसका रंग ..... है।

यह ..... हुआ अच्छा लगता है।

यह ..... खाता है।



काला
जंगल
शहद
नाचता
भालू

6. शब्दों को सही क्रम में लिखकर वाक्य बनाइए–

- रही पढ़ा हैं शिक्षिका .....
- जाता बाज़ार हूँ मैं .....

- आगरा हम जाएँगे घूमने .....
- कहाँ रहे हो तुम जा .....
- नाम है मानसी मेरा .....

7. शब्द बनाइए–

सीख हटी कमाल लाल संगल उतरा

8. घर में किए जाने वाले कुछ काम लिखिए–

....

9. चित्र देखकर दो वाक्य लिखिए–



.....

.....



10. जो समान अर्थ वाला जोड़ा नहीं है, उसे काट (✗) दीजिए–

वृक्ष–पेड़ पानी–हवा आँख–नेत्र

11. अपनी और अपने मित्र की कोई तीन विशेषताएँ लिखिए–

.....

.....

.....

12. चित्र देखकर चार-पाँच वाक्यों में उसका वर्णन करें–

.....

.....

.....

.....

